प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु, दिन के साढ़े नौ बजे आयेगा शुरुआती रुझान, मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध।
2. सबसे पहले तोरपा और अंतिम में आएगा चतरा विधानसभा सीट का चुनाव परिणाम, अंतिम नतीजे शाम पांच बजे के पहले तक आने की संभावना।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चंपाई सोरेन और कई मंत्रियों समेत एक हजार दो सौ ग्यारह प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का आज होगा फैसला।
4. एनडीए और इंडी गठबंधन दोनों खेमों में जीत की संभावना को लेकर उत्साह, दोनों कर रहे बहुमत से जीत का दावा।
5. आकाशवाणी रांची अब से कुछ देर बाद मतगणना पर जीवंत परिचर्चा का करेगा आयोजन।
6. राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी, दिसंबर से कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार।

****************

राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु हो गई है। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं जहां पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद इवीएम के वोटों की गिनती जारी है। मतगणना स्थलों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। अब और अधिक जानकारी के लिए आइए जुड़ते हैं हमारे संवाददाता कर्मवीर से, जो इस समय मौजूद हैं रांची जिले के मतगणना केंद्र पर... कर्मवीर– हमारे श्रोताओं के लिए आपके पास क्या ताज़ा अपडेट है?

पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना कराई जा रही है। सीधे चलते हैं चाईबासा संवाददाता के पास, दिलीप मतगणना केन्द्रों पर कैसी तस्वीर है और किन दिग्गजों के राजनीतिक किस्मत का फैसला होना है?

इधर दुमका जिले में भी चार विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती जारी है। दुमका के इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना केन्द्र बनाया गया है जहां हमारे संवादाता आर के नीरद मौजूद हैं, अधिक जानकारी के लिए सीधे उनसे जुड़ते हैं। नीरद क्या है ताजा अपडेट हैं?

उधर हजारीबाग में भी वोटों की गिनती जारी है। मतगणना स्थल पर मौजूद हैं हमारे संवाददाता गौरव प्रकाश।

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि अंतिम चुनाव परिणाम शाम पांच बजे तक आने की संभावना है। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिस विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का राउंड जितना कम होगा, उसका परिणाम उतनी ही जल्दी आएगा। उन्होंने बताया कि सबसे कम 13 राउंड की मतगणना तोरपा विधानसभा क्षेत्र की होगी। लिट्टीपाड़ा में सिर्फ 14 राउंड की मतगणना होगी, जबकि सबसे अधिक 27 राउंड की मतगणना चतरा विधानसभा क्षेत्र की होगी।

झारखंड में सर्वाधिक मतदान पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल को सौंपने के साथ चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चम्पाई सोरेन और कई मंत्रियों तथा पूर्व मंत्रियों समेत एक हजार दो सौ ग्यारह प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का आज फैसला हो जायेगा।

चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 51 से अधिक सीटों पर एनडीए की जीत का दावा किया है।

इधर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बहुमत के साथ एक बार फिर महागठबंधन की सरकार बनाने का दावा किया है।

****************

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद की राजनीतिक परिस्थिति से निपटने के लिए तीन ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं। पूर्व मंत्री और सांसद तारिक अनवर, तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमारका और कृष्णा अल्लावुरु को ऑब्जर्वर बनाया गया है।

****************

जामताड़ा जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना जारी है।

****************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से आज मतगणना को लेकर जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया गया है। परिचर्चा की शुरुआत अब से थोड़ी देर बाद होगी, जो रांची और दिल्ली से प्रसारित समाचार अवधि को छोड़ कर शाम चार बजे तक जारी रहेगी। रांची से प्रसारित होने वाले 10 मिनट के प्रादेशिक समाचारों की अवधि 15 मिनट और 5 मिनट के समाचार की अवधि बढ़ाकर 10 मिनट कर दी गयी है। इसके अलावा विशेष चुनाव बुलेटिन की अवधि भी दो मिनट से बढ़ाकर पांच मिनट कर दी गयी है। रात आठ से साढ़े आठ बजे तक मतगणना पर विशेष जीवंत परिचर्चा भी प्रसारित की जायेगी।

****************

राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में धीरे–धीरे ठंड बढ़ने लगी है। रात में तापमान लगातार गिर रहा है जिससे ठंड का एहसास होने लगा है। शुक्रवार को रांची का न्यूनतम तापमान गिरकर 12.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, तापमान में गिरावट जारी रहेगी। दिसंबर से कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां
रांची से प्रकाशित अखबारों ने झारखंड विधानसभा चुनाव की मतगणना की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।

हिंदुस्तान के शब्द हैं– झारखंड विधानसभा चुनाव, सुबह आठ बजे से मतगणना, राज्य के एक हजार दो सौ 11 प्रत्याशियों का होगा फैसला। दैनिक भास्कर ने लिखा है– विधानसभा सजकर तैयार, इसमें कौन बैठेगा, फैसला आज।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – आज जनता का फैसला, स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम।

आज बोलेगा इवीएम शीर्षक के साथ प्रभात खबर ने मतगणना की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

सुकमा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दस नक्सली ढेर, अंगेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से जगह दी है।

************